खंड 29
DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट परिवार को नमस्कार,

स्कूलों में हाइब्रिड रूप से शिक्षा आरंभ करने की खुशी के साथ-साथ हमें अपने राज्य और देश में हुई घटना को नहीं भूलना चाहिए। बाकी लोगों की तरह, मुझे 16 मार्च को Atlanta और Cherokee काउंटी में हुई दुखद घटनाओं से अत्यंत दुख पहुंचा है। लोगों के विरुद्ध हिंसा और नफरत की घटनाओं में हो रही बढ़ोतरी अस्वीकार्य और असहनीय है। DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट (DCSD) सभी प्रकार की नफरत, नसलवाद, और हिंसा के विरुद्ध है, और हम एशियाई और प्रशांत द्वीप समूह से संबंधित समुदायों के प्रति सहानुभूति व्यक्त करते हैं।

हमारा स्कूल डिस्ट्रिक्ट विविधता का प्रतीक है, और हमें अपनी विविधता पर गर्व है। कुछ लोगों की कार्रवाई के कारण हम इस महत्वपूर्ण पहलू को नज़रअंदाज़ नहीं कर सकते हैं। जैसा कि Dr. Martin Luther King Jr. ने एक बार कहा था, "अन्याय न्याय का दुश्मन है।" DCSD के सभी विद्यार्थियों और कर्मचारियों की सुरक्षा और भावनात्मक कुशलता सदा से हमारी प्राथमिकता रही है।

COVID-19 टीकाकरण और परीक्षण

हमें यह घोषणा करते हुए बहुत प्रसन्नता हो रही है कि DeKalb स्वास्थ्य बोर्ड (BOH) Elizabeth Andrews हाई स्कूल में 20 मार्च को कर्मचारियों के लिए वैक्सीनेशन क्लीनिक आयोजित करेगा। BOH द्वारा इस कार्यक्रम में लगभग 1,250 शिक्षकों और स्टाफ को टीके लगाए जाएंगे। स्टाफ से अनुरोध है कि यदि संभव हो तो वह अपने ईमेल पते "dekalbschoolsga.org" का उपयोग कर इस कार्यक्रम के लिए पंजीकरण कराए। क्योंकि यह एक व्यक्तिगत कार्यक्रम है जिसे केवल DCSD के लिए आयोजित किया जा रहा है, हम सुनिश्चित करना चाहते हैं कि अन्य योग्य लोग इस कार्यक्रम में पंजीकरण नहीं कराएं। कृपया पंजीकरण कराने से जुड़ी अतिरिक्त जानकारी के लिए अपने डिस्ट्रिक्ट की ईमेल जाँच करें।

DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट ने कर्मचारियों और परिवारों का COVID-19 परीक्षण कराने के लिए निःशुल्क COVID परीक्षण केंद्रों से भागीदारी की है। शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों के लिए सोमवार, मंगलवार और बुधवार को Cross Keys हाई स्कूल में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक; और मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को Bethune मिडिल स्कूल में सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक परीक्षण उपलब्ध कराया जाएगा।

यह कार्यक्रम स्कूल सेमेस्टर के अंत तक जारी रहेगा। अपॉइंटमेंट लेने के लिए, कृपया www.freecovidtesting.us पर जाएं। अपनी अपॉइंटमेंट तय करने और स्कूल का स्थान चुनने के लिए 'झटपट पंजीकरण' चुनें।

फील्ड डे

DCSD फील्ड डे के दौरान रीजन IV के लीडरों से मेरी मुलाक़ात बहुत बढ़िया रही। मुझे एलीमेंटरी स्कूल की Stone Mountain लीडरशिप टीम से वर्चुअल मुलाक़ात करने, Indian Creek एलीमेंटरी स्कूल में विद्यार्थियों के छोटे समूह को पढ़ते देखने और Champion Theme मिडिल स्कूल में अल्प-कालीन कार्य योजना (STAP) से वर्चुअल मुलाक़ात करने का अवसर मिला।

रीजन IV हमारे सभी विद्यार्थियों के लिए लक्ष्य स्थापित करने और बेहतरीन शिक्षा प्रदान करने का शानदार कार्य कर रहा है। मैं अंतरिम क्षेत्रीय अधीक्षक Dr. Antonette Campbell का हमारे विद्यार्थियों के प्रति समर्पण के धन्यवाद करना चाहती हूँ।

## 7-दिन तक फ़्रोजन खाने का डिब्बा

DCSD के सभी विद्यार्थी, जिनकी आयु 18 वर्ष और उससे कम है, अब फलों और सब्जियों के साथ 7 दिन तक फ़्रोजन खाने का डिब्बा निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। भोजन वितरण बुधवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए, यहाँ क्लिक करें।

## MOSAIC ग्रीष्म ऋतु शिक्षा कार्यक्रम

मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि डिस्ट्रिक्ट इन गर्मियों में विद्यार्थियों के लिए नया शिक्षा कार्यक्रम पेश करेगा। MOSAIC ग्रीष्म ऋतु शिक्षा कार्यक्रम द्वारा अकादमिक रूप से पतन और पढ़ाई में हानि को कम करने के लिए शिक्षा के अतिरिक्त अवसर प्रदान किए जाते हैं। MOSAIC कार्यक्रम में साक्षरता और गणित नींव कौशल, भाषा ग्रहण, क्रेडिट सुधार या बढ़त, STEM/STEAM, समर ब्रिज और संवर्धन शिविर शामिल हैं। इस पाठ्यक्रम को जून और जुलाई 2021 में शिक्षा के सार्थक अनुभव की प्राप्ति और विद्यार्थियों की पढ़ाई में हुए नुकसान की भरपाई के लिए इच्छानुरूप, लक्षित समर्थन प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है।

ये कार्यक्रम निःशुल्क हैं, हालांकि, यदि कोई हाई स्कूल विद्यार्थी Georgia वर्चुअल स्कूल या अन्य मान्यता-प्राप्त संस्था के जरिए पाठ्यक्रम में शामिल होता है तो उसे प्रति पाठ्यक्रम फीस चुकानी पड़ेगी। डिस्ट्रिक्ट सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करता है कि वे उनके संवर्धन के लिए डिज़ाइन किए गए कार्यक्रम का लाभ उठाएं।

जल्द ही अधिक जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

## टाउन हॉल

मैं हमारे माता-पिता और शिक्षकों को धन्यवाद करना चाहती हूँ जिन्होंने हाल ही में आयोजित हमारे वर्चुअल टाउन हॉल को देखा और उसमें भाग लिया। डिस्ट्रिक्ट को फिर से खोलने की योजना के बारे में जानकारी प्रदान करने के बाद हम आपके फीडबैक, और विनम्रता की सराहना करते हैं। यदि आप किसी कारणवश टाउन हॉल में उपस्थित नहीं हो पाए, तो कृपया उसे देखने के लिए यहाँ क्लिक करें।

## अधीक्षक समुदाय परामर्श परिषद

मैं हमारे समुदाय भागीदारों और अधीक्षक समुदाय परामर्श परिषद (SCAC) का इस सप्ताह हमारी टीम के साथ मुलाक़ात करने के लिए धन्यवाद करना चाहती हूँ। SCAC का उद्देश्य डिस्ट्रिक्ट की अकादमिक, परिचालन, और वित्तीय कुशलता से जुड़ी समस्याओं पर अधीक्षक को समर्थन, मार्गदर्शन, और नेतृत्व प्रदान करना है।

यह सहयोग डिस्ट्रिक्ट के लिए महत्वपूर्ण है। एक सफल स्कूल डिस्ट्रिक्ट के लिए समुदाय सहभागिता और सभी हितधारकों की भागीदारी ज़रूरी होती है।

COVID-19 सप्लाई किट दान

मैं DeKalb असोसिएशन ऑफ रियलटर्स का धन्यवाद करना चाहती हूँ जिन्होंने Peachcrest एलीमेंटरी स्कूल को दिल खोल कर दान दिया। इस संगठन ने कक्षाओं को साफ और सुरक्षित रखने में सहायता के उद्देश्य से शिक्षकों को 50 COVID-19 सप्लाई किट्स दान में दी। किट्स में वाइप्स, हैंड सेनीटाइजर, फेस मास्क, फेस शील्ड और लायज़ोल शामिल थे। DeKalb असोसिएशन ऑफ रियलटर्स कई वर्षों से DCSD की भागीदार रही है, और हम उस भागीदारी के बहुत आभारी हैं।

मुझे उम्मीद है कि एक समुदाय के तौर पर हम एक दूसरे के प्रति दया का भाव दिखलाते रहेंगे और इस वैश्विक महामारी के अंत तक और उसके बाद के संभावित प्रभाव से बचने के लिए एक दूसरे का साथ देते रहेंगे।

भवदीय,

Mrs. Cheryl Watson-Harris